राहुल गांधी के खिलाफ बयानबाजी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोष जाहिर किया

पाली में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीज दर्द के नेतृत्व में रैली निकाली। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर शहर के कलैक्ट्रैट पर कांग्रेसजनों ने भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी जालोर की और से 20 सितंबर को भाजपा नेताओं द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ बयानबाजी के विरोध में कलेक्ट्रेट जालोर के सामने जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल के नेतृव में समस्त कांग्रेसजनों द्वारा विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

सर्वप्रथम समस्त कांग्रेसजन कलेक्ट्रेट जालोर के सामने एकत्रित हुए एवम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवम भाजपा के विरोध में जमकर नारे लगाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष भवरलाल मेंघवाल ने बताया की भाजपा एवं उनके सहयोगी दलों के नेताओं द्वारा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ भडकाऊ बयान एवं अभद्र टिप्पणीया की जा रही है, ये घिनौने हमले भारत के राजनीतिक विमर्श को विषाक्त करने के साथ ही संवैधानिक मूल्यों को खतरे में डाल रहे है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने इस संबंध में देश के प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर इन टिप्पणियों पर चिंता व्यक्त की है, लेकिन प्रधानमंत्री ने चुप्पी साध रखी है जो यह दर्शाता है कि इसका खंडन नहीं करना चाहते है। जाहिर है कि प्रधानमंत्री की मौन सहमति गलत बयानबाजी करने वाले नेताओं के पक्ष में है।

इस अवसर पर प्रदेश महासचिव नैन सिंह राजपुरोहित, जालोर की रमिला मेघवाल, आहोर की सरोज चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेसी सवाराम पटेल, प्रदेश महासचिव लाल सिंह धानपुर, प्रदेश महासचिव उम सिंह राठौड, प्रदेश सचिव शहजाद अली, सायला ब्लॉक अध्यक्ष सवाई सिंह चम्पावत, जुल्फिकार अली भुट्टो, कैलाश शर्मा, नगराध्यक्ष मुमताज अली, नेता प्रतिपक्ष बसंत सुथार,आम सिंह परिहार,सेवादल जिलाध्यक्ष पुखराज विश्नोई, सलीम मोयला, जोगाराम सरगरा, जुबेदा नागोरी, ओमप्रकाश चौधरी, मोड सिंह काबावत, पुखराज माली, रूपाराम मेघवाल सहित तमाम कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रैली निकाली, प्रदर्शन किया

पाली, (नि.सं.)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध भाजपा एवं उसके सहयोगी दलों के नेताओं द्वारा लगातार की जा रही टिप्पणी को लेकर पाली जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अजीज दर्द के नेतृत्व में आज प्रात: 11:00 बजे कांग्रेस भवन से कलेक्टर कार्यालय तक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

जिला महासचिव रफीक चौहान ने बताया कि कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजीज दर्द ने कहा कि अगर देश के नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ़ भाजपा के नेता ऐसी भाषा इस्तेमाल कर सकते हैं। तो आम जनता के खिलाफ़ कैसी भाषा बोलते होंगे।

भाजपा के नेता राहुल गाँधी को जीभ काटने की धमकी दे रहे हैं। क्योंकि राहुल गांधी उसी ज़ुबान से इस देश के पिछड़ों, दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं के लिये आवाज़ उठाते हैं, भाजपा नेताओं के आपराधिक बयानों पर प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की चुप्पी शर्मनाक है। इस मौके पर संगीता बेनीवाल, प्रदेश महासचिव शिशुपालसिंह राजपुरोहित, भुराराम सिरवी, पीसीसी सदस्य महावीरसिंह सुकरलाई, शोभा सोलंकी, सुमेरपुर के हरिशंकर मेवाड़ा, हकीम भाई नेता प्रतिपक्ष नगर निगम पाली, सेवादल प्रदेश महासचिव मोहन हटेला, प्रदेश महासचिव महिला कांग्रेस नीलम बिड़ला, पाली ब्लॉक अध्यक्ष जीवराज बोराणा, रोहट ब्लॉक अध्यक्ष गिरधारी सिंह राजपुरोहित, ूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मेहबूब टी, अरुण जोशी, मारवाड़ जंक्शन पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष नगेन्द्र गुर्जर, सेवादल जिलाध्यक्ष प्रकाश चौधरी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोवर्धन देवासी, भंवर राव, एससी जिलाध्यक्ष रतन उदेश, सुमेर सिंह मनवार, ओबीसी जिलाध्यक्ष गोविन्द बंजारा, मण्डल अध्यक्ष शकिल नागौरी, चेलाराम रारबडा, प्रकाश सांखला, पार्षद तालिब चुडीगर, प्रकाश चौहान, बाबू भाई गौरी, सज्जन बी राज, जिला महासचिव रफीक चौहान भैराराम गुर्जर, आमीन अली रंगरेज, सुनिल रामावत, ताराचंद चंदनानी, राकेश मेवाड़ा, रमेश कुमार परिहार, जावेद सिरोहा, असगर कूरैशी, दिनेश दवे, महेश परिहार, सुभाष मेवाड़ा, सम्पत कूमावत, रामचंद्र बुनकर, असगर खत्री, इमरान नागौरी, माणक लाल गर्ग, लक्ष्मण कच्छवाहा, साबीर अशरफी , बाबुसिंह वायद, नज़ीर सिंधी, मोहम्मद खान पठान, श्याम वागोरीया, विक्रम चंदानी, नाहर सिंह जाखोड़ा, प्रवीण सिंह भाटी, अर्जुन सिसोदिया, अशोक कुमार कोहली, मुनाजिर अली, भुवनेश्वर पंवार, फारुख रंगीला, निर्मल तेजी, अनवर खां सिपाही आदि उपस्थित रहे।

सफाई, सीवरेज ड्रेनेज सिस्टम का निरीक्षण

जालोर में जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने सीवरेज व्यवस्था का जायजा लिया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे. ने गुरूवार को सायंकाल जालोर शहर में साफ-सफाई व्यवस्था एवं सीवरेज ड्रेनेज सिस्टम का अवलोकन लिया।

जिला कलैक्टर ने शिवाजी नगर कॉलोनी में ब्लॉकेज सीवरेज से ऑवरफ्लो हो रहे गंदे पानी का तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने सामतीपुरा रोड़ पर सीवर ट्रंक लाईन रिपेयरिंग कार्य का गुरूवार को देर शाम निरीक्षण कर नगर परिषद जालोर के आयुक्त से कार्य की प्रगति की जानकारी ली तथा आगामी 7 दिवस के भीतर कार्य पूर्ण कर समस्या के निस्तारण के निर्देश प्रदान किए।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त जिला कलैक्टर शिवचरण मीना, नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता व सफाई निरीक्षक आदि उपस्थित रहे।

एक शाम प्रभु महावीर के नाम कार्यक्रम आज

जोधपुर, (कासं)। जीतो जोधपुर लेडीज विंग द्वारा 21 सितंबर को शाम साढ़े पांच बजे महावीर पब्लिक स्कूल में एक शाम प्रभु महावीर के नाम कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

जीतो जोधपुर लेडीज विंग की अध्यक्ष सरिता लोढ़ा ने बताया कि इस जीतो अन्ताक्षरी 2.0 का प्रमुख उद्देश्य प्रभु महावीर के जीवन की जानकारी बताना है। पूर्व चेयरपर्सन रचना कानूंगा ने बताया कि यह अंताक्षरी महावीर स्वामी के 27 भवों पर आधारित है और इसको बहुत ही अनूठे अंदाज में प्रस्तुत किया गया है। ताकि खेल खेल में हम महावीर को जानें, उनके सिद्धान्तों को अपने जीवन में उतारें।

सचिव जिग्ना मेहता ने बताया कि इस अंताक्षरी में कुल 10 टीमें है जिसके 150 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। इन सभी मंडलों को प्रभु महावीर के 27 भवों को पढकर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देना हैं।

अंताक्षरी के संचालक राजेश कर्नावट ने बताया कि इस अंताक्षरी को सात राउंड में खेला जाएगा जिसमें प्रथम राउंड नवकार, दूसरा राउंड शब्द को पकडना, तीसरा राउंड चीट में आये शब्द पर भजन गाना, चौथा राउंड रेपिड फायर राऊंड, पांचवां राउंड देखो सोचो और समझाओ (महावीर के जीवन प्रसंग की व्याख्या) छट्टा राउंड, धून को पहचानकर मुखड़ा अथवा अंतरा गाना व सातवें राउंड में वर्तमान परिपेक्ष के अनुरूप दिये गये 10 विषयों को अपने शब्दों में विवेचन करना है जिसे तीन जजों द्वारा आंकलन किया जाएगा।

प्रिंसीपल रह चुकी सेवानिवृत महिला डॉक्टर से 87 लाख की ठगी

जोधपुर, (कासं) । जोधपुर शहर के रातानाड़ा स्थित सुभाष चौक मालियों की गली में रहने वाली एक सेवानिवृत डॉक्टर को शातिरों ने अपने ठगी का शिकार बनाते हुए जीवन भर की पूंजी साफ कर दी। पीड़ित महिला डॉक्टर को शातिरों ने कस्टम विभाग के अधिकारी बनकर बात की और पार्सल में ड्रग्स और फर्जी एटीएम कार्ड होने की जानकारी देते हुए 87 लाख रूपए खातों में डलवा दिए।

पीड़ित सेवानिवृत महिला डॉक्टर की तरफ से अब रातानाडा थाने में इस बाबत केस दर्ज करवाया गया है। वे किसी समय एसएन मेडिकल कॉलेज की प्रिंसीपल भी रह चुकी है। पुलिस ने बड़े स्तर पर हुई इस ठगी पर अब जांच पड़ताल आरंभ की है।

थानाधिकारी प्रदीप डांगा ने बताया कि मालियों का बास सुभाष चौक की रहने वाली सेवानिवृत महिला डॉक्टर अरूणा सोलंकी पत्नी ओमप्रकाश सोलंकी की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया है।

इसमें बताया कि वे 70 साल की है। 31 जुलाई को उनके मोबाइल पर किसी शख्स प्रमोद कुमार का वाटसअप कॉल आया था और खुद को मुंबई कस्टम विभाग का अधिकारी बताया। उसने कहा कि उनके द्वारा ग्लोबल इंटरनेशनल को एक पार्सल भेजा गया था जिसमें ड्रग्स, फर्जी एटीएम कार्ड और अन्य सामान भेजा गया है। आपको गिरफ्तार किया जाएगा।

इस पर सेवानिवृत अरूणा सोलंकी ने कहा कि उनके द्वारा कोई पार्सल नही भेजा गया है तो शातिर प्रमोद कुमार ने अपने सीनियर ऑफिसर सुनील कुमार से बात कराई।

इस पर सुनील कुमार ने उक्त जानकारी के साथ ही चार पत्र वाटसअप पर भेजे जिसमें सीबीआई अरेंस्टिंग, वारंट, एसेज ऑर्डर एवं केस के बारे में जानकारी थी। फिर शातिर ने उनसे बैंक एकाउंट एवं प्रोपर्टी के बारे में जानकारी मांगते हुए आधार कार्ड नंबर आदि लिए। बाद में उन्हें किसी अनिल यादव से बात कराई।

- **जोधपुर शहर के रातानाड़ा स्थित सुभाष चौक मालियों की गली में रहने वाली एक सेवानिवृत डॉक्टर को शातिरों ने ठगा**

अनिल यादव नाम के शख्स ने कहा कि उन्हें सब बातों से बचना है तो वे 51 लाख रूपए आर्मी डिमाउंड के नाम पर ट्रांसफर करें। इस बाद में उसने ब्यूइल एसीकेस में 8 लाख मांगे। अन्य 28 अगस्त को अरेस्ट की धमकीं दी गई। बदमाशों ने 3 एफडीएस में लीगल एक्शन के लिए 21 लाख की डिमाण्ड रखी। सेवानिवृत डॉक्टर अरूणा सोलंकी घबरा गई और उन्होंने अपनी एफडी तुड़वाकर उनके खातों में 21 लाख रूपए जमा करवाए। 3 सितंबर को बदमाशों ने उन्हें नो क्राइम बॉण्ड प्राप्त करने के लिए जिसके एवज में 5 लाख रूपए मांगे गए।

तब डॉक्टर अरूणा ने यह सब करने से मना कर दिया। इस पर उन्होंने धमकाया कि वे देश विदेश में कहीं भी यात्रा नहीं कर पाएंगी। इसलिए बॉण्ड भरना पड़ेगा, तब उन्होंने फिर 2 लाख रूपए उनके खातों में भेज दिए।

कुल मिलाकर सेवानिवृत महिला डॉक्टर अरूणा सोलंकी से 87 लाख रूपए ऐंठ लिए गए। बाद में उन्हें ठगी का अहसास हुआ। इस पर वे गुरूवार को वे रातानाडा थाने पहुंची और केस दर्ज करवाया।

थानाधिकारी प्रदीप डांगा ने बताया कि सेवानिवृत महिला डॉक्टर पहले मेडिकल कॉलेज की प्रिंसीपल भी रह चुकी है। ठगी के इस बड़े स्तर की जांच पड़ताल आरंभ की गई है। रूपयों को रिफंड करवाने के लिए कवायद शुरू की गई है।

मिट्टी चुराने, रास्ता रोकने के चार आरोपी पकड़े

जोधपुर, (कासं)। कब्जाशुदा प्लॉट का रास्ता बाधित करने और मिट्टी खोदकर ले जाने के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

मामले में खींवसर निवासी जगमाल सिंह पुत्र मनोहर सिंह ने रिपोर्ट दी थी। इसमें बताया कि उनका एक प्लॉट नवकार धाम के आगे खारडा रोड पर अक्षित विहार में है। गत 13 अगस्त की रात को भूमाफिया उनके प्लॉट से मिट्टी खोदकर चोरी कर कर ले गए। इतना ही नहीं उनके प्लॉट के आने-जाने का रास्ता मिट्टी खोदकर बंद कर दिया। मामले में कार्रवाई करते हुए अब पुलिस ने आरोपी खारडा भांडू निवासी अमीर खान पुत्र इमाम खान, बरकत खान पुत्र इमाम खान, प्रताप सिंह पुत्र किशोर सिंह और कैथवाड़ा थाना पहाड़ी हाल भनकपुरी थाना सीकरी जिला भरतपुर निवासी ताहिर पुत्र मजीद खान को गिरफ्तार किया।

हैंडबॉल प्रतियोगिता में मालन शक्ति विद्यापीठ हरसानी विजेता बनी

धोरीमन्ना, (निसं)। 68 वीं जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भेरुडी का समापन समारोह संपन्न हुआ।

लादूराम बिश्नोई पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार के मुख्य आतिथ्य एवं आदुराम मेघवाल विधायक चौहटन के अध्यक्षता में 68 वीं हैंडबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। जिसमें हैंडबॉल प्रतियोगिता में 19 वर्षीय वर्ग में विजेता मालन शक्ति विद्यापीठ हरसानी, उपविजेता राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खारची रही। 17 वर्षीय वर्ग में मालन शक्ति विद्यापीठ हरसानी एवं उपविजेता ग्लोबल एकेडमी उच्च माध्यमिक विद्यालय बाडमेर विजेता और उपविजेता रही। एल आर बिश्नोई ने कहा कि के के बिश्नोई खेल मंत्री होने के नाते अगर खेल संबंधी खेल के विकास और बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार की तरफ से कोई कसर नहीं छोडी जाएगी। ग्राम पंचायत भेरुडी के लोगों के द्वारा भेरुडी में स्टेडियम की मांग रखने पर लादूराम ने कहा कि मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि मैं खेल मंत्री के के विश्नोई के द्वारा स्टेडियम की स्वीकृत करवाऊंगा। आदूराम मेघवाल ने कहा कि हमारी सरकार हमेशा गरीब, किसान,आम जन के विकास के लिए हर संभव तैयार है। इस मौके पर हनुमान सियाक ने भैरूडी ग्रामीणों तरफ से प्राथमिक स्वा केंद्र की मांग रखी। तब विधायक ने भैरूडी में पी एच सी स्वीकृत करवाने को घोषणा मंच के द्वारा की गई। ग्राम पंचायत पंचायत भैरूडी के ग्रामीणों ने करतल ध्वनि से दोनो ही घोषणा के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। भाजपा के प्रदेश मंत्री अनंत राम विश्नोई ने इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए अपने जीवन में किस तरीके से अपने लक्ष्य के प्रति सजग और अडिग रहना चाहिए। विभिन्न तरीके के गुर एवं कलाओं को सीखाने की पेशकश की गई। इस अवसर पर कई वक्ताओं ने रत्नसिंह बाखासर, डॉ विष्णुराम विश्नोई,हनुमान प्रसाद पूर्व प्रधान चितलवाना,सुरेश कुमार दाधीश, भजनलाल सियाक प स सदस्य गुडामालानी, पुरखाराम जी मांझू,खेताराम बेनीवाल,हनुमान जानी ने अपना उद्बोधन दिया। सफल आयोजन के लिए सुरेश कुमार विश्नोई आयोजन सचिव्र ने धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर श्रवण कुमार जांगू प स सदस्य भेरुडी, शंकराराम सियाक पूर्व सरपंच, हरिकिशन जी जानी, रतनाराम कलीराना, हेमाराम सरपंच, बाबूलाल खिलेरी,धीमाराम सियाक, नारायण गोदारा, रामकिशन जांगू, वगताराम जानी, हरिराम डूडी, दुर्गाराम गोदारा, राजूराम सुखदेवा, सुखराम गोदारा,मूलाराम पंचार , भाखराराम जांगू, बालूराम कडवासरा, सुजानाराम कडवासरा , गोगाराम नाई सहित कई जने मौजूद रहे।

नाबालिग भगाने का मामला

जोधपुर, (कासं) । कमिश्नरेट के चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाना क्षेत्र से एक नाबालिग को भगा ले जाने का मामला सामने आया है। थाने में दी रिपोर्ट में एक व्यक्ति ने बताया कि 18 सितंबर की सुबह करीब 10 बजे पाल के थोरियों की ढाणी क्षेत्र से उनकी नाबालिग पुत्री को कोई अपने साथ भगा ले गया। अंदेशा है कि उनकी पुत्री को लालच देकर अज्ञात युवक अपने साथ ले गया है। कई जगहों पर तलाश के बाद भी उनकी पुत्री नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस अब आसपास की जगह के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। नाबालिग का सुराग नहीं लगा है।

कर्नल पुत्र से मिलने पिता बाड़मेर गए, चोर सूने मकान में चोरी कर गए

जोधपुर, (कासं) । शहर के महामंदिर पुलिस थाना क्षेत्र जेएसए बीजेएस कॉलोनी में एक मकान में चोरी हो गई। परिवार के मुखिया अपने कर्नल पुत्र से मिलने दो माह से बाड़मेर गए थे। घर में रह रहे रिश्तेदार दो दिन पहले ही सिरोही गए थे। इस बीच सूचना मिली कि घर में चोरी हो गई है। अज्ञात चोर घर से नगदी के साथ सोने चांदी के जेवरात चोरी कर गए।

वहीं एक अन्य सूने मकान में भी चोरों ने सैंधमारी की है। संबंधित थाना पुलिस अब नकबजनों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

महामंदिर पुलिस ने बताया कि बीजेएस कॉलोनी गली नंबर 29 में रहने वाले मूलसिंह राठौड़ पुत्र बहादूरसिंह की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया। इसमें बताया कि वे दो महिने से अपने कर्नल पुत्र विजेंद्र प्रतापसिंह से मिलने के लिए बाड़मेर में है। घर में उनके रिश्तेदार चंदनसिंह रह रहे है। दो दिन पहले चंदनसिंह अपने ससुराल सिरोही चले गए। इस बीच घर सूना था। 19 सितंबर को पड़ौसी ने सूचना दी कि घर की लाइट जल रही है। साथ ही ताले टूटने के बारे में बताया। इस पर वे बाड़मेर से जोधपुर पहुंचे। यहां आकर पता लगा कि चोरों ने घर में प्रवेश कर वहां से दस हजार की नगदी के साथ दो सोने की अंगुठियां, पांच चांदी की पायजेब जोडिय़ां, 10 चांदी के सिक्कें, पांच हाथ घडिय़ों के साथ अन्य छोटा मोटा सामान चोरी कर लिया है। महामंदिर पुलिस ने चोरी की जानकारी पर मौका मुआयना किया और चोरों की पहचान के साथ तलाश की जा रही है।

दूसरी तरफ राजधानी जयपुर पूर्व के शिक्षक विहार रामनगरिया निवासी गौरव शर्मा पुत्र आनंद शर्मा की तरफ से रिपोर्ट दी गई कि उनका एक मकान चौपासनी हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 14 में आया है जोकि पिछले काफी दिनों से बंद पड़ा है।अज्ञात चोरों द्वारा उनके बंद मकान में सैंध लगाकर कीमती सामान चोरी कर लिया गया है। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

खुदकुशी की

जोधपुर, (कासं) । शहर के माता का थान स्थित भाकरबेरा, बासनी तंबोलिया में रहने वाले एक युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर जान दे दी।

माता का थान पुलिस ने बताया कि मूलत डाढी हाल भाकरबेरा, बासनी तंबोलिया निवासी 28 साल के कवि खां पुत्र श्रवण खां ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण नहीं बताया गया है।

आयुर्वेद वि.वि. में एक साल बाद दो सिजेरियन डिलीवरी हुई

जोधपुर, (कासं) । आयुर्वेद विश्वविद्यालय में करीब एक साल बाद फिर दो बच्चे सिजेरियन डिलीवरी से हुए। दोनों ही प्रसूताओं के लड़के हुए हैं। जच्चा और बच्चा दोनों ही स्वस्थ है।

कुलपति प्रो. पीके प्रजापति के अनुसार अब तक तीन सिजेरियन और 8-10 सामान्य प्रसव हो चुके है। उन्होंने बताया कि पिछले साल 19 सिंतबर पहला सिजेरियन प्रसव हुआ था। प्रसव जोधपुर श्रीबालाजी हॉस्पिटल की संचालक डॉ. सीमा शर्मा और उनकी टीम ने करवाया था। डॉ. सीमा शर्मा ने बताया कि जांच में एक प्रसूता का बच्चा पेट में सामान्य अवस्था की बजाय टेड़ा था। दूसरी प्रसूता का पहले भी सिजेरियन हो चुका था। बच्चे के गले में नाल फंसी हुई थी। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. रश्मि शर्मा के अनुसार बताया कि पास के गांव की दो महिला गुड्डी (28) और सुनीता (21) प्रसव के लिए आई। डॉ. सीमा शर्मा के नेतृत्व में डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ. आशा, डॉ. हेमंत और डॉ. दिव्या ने ऑपरेशन किए।

रॉयल राजपूत इंडियन रेलवे परिवार का समारोह

जोधपुर में रॉयल राजपूत इंडियन रेलवे परिवार के वार्षिक स्नेह मिलन 2024 में पूरे देश से 300 से अधिक राजपूत समाज के रेलवे अधिकारी एव कर्मचारियों ने शिरकत की।

जोधपुर, (नि.सं.)। रेलवे में कार्यरत रेलवे के अधिकारियों व कर्मचारियों के संगठन रॉयल राजपूत इंडियन रेलवे परिवार का वार्षिक स्नेह मिलन 2024 रविवार को जोधपुर में आयोजित किया गया। इस मौके पर पूरे देश से 300 से अधिक राजपूत समाज के रेलवे अधिकारी एव कर्मचारियों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

इस अवसर पर जोधपुर रेल्वे मंडल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह, मानवेंद्र सिंह जसोल, शिव विधायक रवीन्द्र सिंह भाटी एवं करण सिंह उचियारडा ने कार्यक्रम में अतिथियों के तौर पर उपस्थिति दी। संगठन के संरक्षक रिसाल सिंह शेखावत ने बताया कि इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ सदस्य नरेंद्र सिंह पाटोदा ने संगठन के परिचय, उद्देश्यों एव कार्यो के संबंध में संबोधित करते हुए जानकारी दी व नियमों के दायरे में काम करते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ देते हुए रेलवे को मजबूत और देश में कार्य करने का आहवान किया।

इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी फतेह सिंह , रेलवे अस्पताल कर्मी भानु प्रताप सिंह शेखावत एव अन्य खेल एव शिक्षा प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। जयपुर ईकाई से रघुवीर सिंह नाथावत, अजय सिंह चन्द्रावत, सुरेंद्र सिंह आसपुरा, नीकेंद्र सिंह शेखावत, जय सिंह हुडील, विष्णु सिंह नरुका, नरेंद्र सिंह राठौड़, दौलत सिंह आदि ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में मंच संचालन रघुवीर सिंह शेरपुरा ने किया। देवेन्द्र सिंह राठौड़ नंगवाड़ा ने आभार ज्ञापित किया।

दिव्यांगजन खिलाड़ियों की प्रतियोगिताएं 23 को

जालोर, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष हारून के निर्देशन में दिव्यांगजन खिलाड़ियों की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 23 सितंबर को होगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर की ओर से शिक्षा विभाग के सहयोग से प्रतियोगिताएं महावीर आवासीय मुक बधिर विद्यालय में होगी। शुभारंभ 23 सितंबर को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हारून करेंगे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश अहसान अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि समूह प्रतियोगिता में कब्बड्डी एवं बोसी बॉल प्रतियोगिता होगी। इसी प्रकार व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में लंबी कूद, शॉटपुट, बेडमिंटन, कैरम, चैस, टेबल टेनिस, पेंटिंग या चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति जालोर जिला जालोर राज.

क्रमांक/पंसजा/एसबीएम/2024-25/1140 दिनांक 13/09/2024

ई-निविदा सूचना संख्या - 2024-25

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ 29 ग्राम पंचायतो के द्वारा जारी ई - निविदा सूचना अनुसार राजस्व गांवो मे वित्तिय वर्ष 2024-25 में आवासीय घरों एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण , गावो की सडक एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओ हेतु इच्छूक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदाताओ / फर्मो से निविदाऐ आंमन्त्रित की जाती है निविदा फर्म / शर्ते ऑनलाईन / कार्यालय में उपलब्ध है निविदा दाता आवश्यक प्रपत्र एवं शर्ते एवं पूर्ण विवरण वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी , डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है साथ ही संबधित कार्यालय ग्राम पंचायत एवं कार्यालय पंचायत समिति जालोर के नोटिस बोर्ड / कार्यालय मे कार्य दिवसों मे देखी जा सकती है ।

NIB CODE : ZJR2425A0329

UBN NUMBER			
ZJR2425SSOB00431	ZJR2425SSOB00446	ZJR2425SLOB00477	ZJR2425SSOB00489
ZJR2425SSOB00432	ZJR2425SSOB00448	ZJR2425SSOB00478	ZJR2425SSOB00491
ZJR2425SLOB00433	ZJR2425SSOB00451	ZJR2425SSOB00479	ZJR2425SLOB00498
ZJR2425SSOB00434	ZJR2425SLOB00455	ZJR2425SSOB00480	ZJR2425SSOB00499
ZJR2425SLOB00437	ZJR2425SSOB00462	ZJR2425SLOB00482	ZJR2425SLOB00500
ZJR2425SSOB00440	ZJR2425SSOB00469	ZJR2425SSOB00484	
ZJR2425SSOB00442	ZJR2425SLOB00472	ZJR2425SSOB00486	
ZJR2425SLOB00444	ZJR2425SSOB00474	ZJR2425SSOB00488	

(प्रदीप मायला)
ग्राम विकास अधिकारी
पंचायत समिति जालोर